# Marking Scheme

## BSEH Practice Paper ( March-2024)

**CLASS: 10th ( Secondary)** (Maximum Marks: 20) **Code: C**

हिंदुस्तानी संगीत वादन

## ( Hindustani Music Instrument) Melodic

---

खंड (1) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न

**Section (1)** Objective type questions

(½ **X 10** = **05**)

.......................................................................................................................

प्र01 तार सप्तक का चिह्न क्या होता है? ½

उ0 **(B)** स्वर के उपर बिन्दु

प्र02 मध्य सप्तक का चिह्न क्या होता है? ½

उ0 (C) कोई चिह्न नहीं

प्र0 3 मंद्र सप्तक का चिह्न .............होता है? ½

उ0 स्वरों के नीचे बिन्दु

प्र0 4 कोमल स्वर का चिह्न ................ होता है? ½

उ0 स्वरों के नीचे लेटी रेखा।

प्र0 5 अभिकथन **(A):** ताल में खाली चिह्न पर ताली नहीं बजाई जाती। ½

कारण **(R):** ताल में सम का चिह्न पहली मात्रा पर आता हैं।

उ0 (B) **A** और **R** दोनों सत्य हैं तथा **R**, **A** की सही व्याख्या नहीं है।

प्र0 6 अभिकथन **(A):** एक ताल में 08 मात्राएं होती हैं। ½

कारण **(R):** एक ताल में छः विभाग होते हैं।

उ0 (D) **A** असत्य है परंतु **R** सत्य है।

प्र0 7 ½

| कॉलम – 01 | कॉलम – 02 |
|---|---|
| 1. मंद्र सा | **A.** तानपूरे का पहला तार मिलाया जाता है |
| 2. मध्य सा | **B.** तानपूरे का दूसरा तार मिलाया जाता है |
| 3. मध्य सा | **C.** तानपूरे का तीसरा तार मिलाया जाता है |
| 4. मंद्र प | **D.** तानपूरे का चौथा तार मिलाया जाता है |

Download from www.MsEducationTv.com

उ0 (4) **A-4** **B-3** **C-2** **D-1**

प्र0 8 ½

| कॉलम – 01 | कॉलम – 02 |
|---|---|
| 1. 06 | **A.** एक ताल |
| 2. 07 | **B.** चौताल |
| 3. 12 | **C.** रूपक ताल |
| 4. 12 | **D.** एक ताल विभाग |

उ0 (4) **A-4** **B-3** **C-2** **D-1**

प्र0 9 वायलिन में सात तारें होती हैं। (सही /गलत ) ½

उ0 गलत

प्र0 10 क्या बांसुरी तत वादय माना जाता है? (सही/गलत) ½

उ0 गलत

---

## खंड (2) अति लघुउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Section (2)** Very short answer type questions

(½ **X 08** = **04**)

प्र0 11 राग खमाज का सवांदी स्वर का नाम बताएं? ½

उ0 नि (निषाद)

प्र0 12 राग खमाज की जाति का नाम बताएं? ½

उ0 षाडव–सम्पूर्ण

प्र0 13 राग खमाज के आरोह के स्वरों का नाम बताएं? ½

उ0 ऩि सा ग म प ध नि सां

प्र0 14 राग खमाज के अवरोह के स्वरों का नाम बताएं? ½

उ0 सां नि ध प म ग रे सा।

प्र0 15 रूपक ताल में कितनी मात्राएं हैं। ½

उ0 07

प्र0 16 राग खमाज के पकड़ के स्वरों का नाम बताएं? ½

उ0 नि ध, मपध मग, पमगरेसा।

Download from www.MsEducationTv.com

प्र0 17 दक्षिण भारतीय संगीत मे खाली का क्या चिह्न है? ½

उ0 +

प्र0 18 दक्षिण भारतीय संगीत मे मंद्र सप्तक के स्वरों के क्या चिह्न हैं ? ½

उ0 स्वरों के ऊपर बिन्दु

---

खंड (3) लघुउत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Section (3)** short answer type questions

( **2 X 03 = 06**)

---

प्र0 19 पं शिव कुमार के जीवन परिचय बारे वर्णन करें। 2

उ0 पं शिव कुमार जी का संगीत से सम्बधिंत किए गए कार्यो पर विवरण करने पर पूरे अंक दिये जांए।

पंडित शिव कुमार जी का जन्म 13 जनवरी 1938 को जम्मू में हुआ था। इनके पिता का नाम पंडित उमादत शर्मा है जो जाने–माने गायक थे। सिर्फ पांच साल की आयु में ही पंडित शिव कुमार ने संगीत सीखना शुरू कर दिया था, पिताजी से उन्होनें स्वर और तबला दोनो की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। सिर्फ 13 साल की आयु में संतुर सीखना शुरू कर दिया। पंडित शिव कुमार ने देश में संतूर लोकप्रिय शास्त्रीय वाद्य यंत्र बनाया है इसलिए इनका पूरा श्रेय इन्ही को ही जाता है। वर्ष 1955 में मात्र 17 साल की आयु में मुंबई में संतूर वादन का पहला शो किया। जिसके बाद संतूर की धुन लोगों का पसंद आने लगी। इसके बाद इन्होनें साल 1956 में फिल्म "झनक–झनक पायल बाजे" के लिए संगीत कंपोज किया था। पंडित शिव कुमार शर्मा को भारत सरकार द्वारा 1991 में पदम श्री और 2001 में पद्म विभूषण से नवाज़ा गया है। इसके साथ ही 1985 में संयुक्त राज्य बाल्टीमोर की मानद नागरिकता प्रदान और 1986 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंडित शिव कुमार शर्मा जी 10 मई 2022 को 84 साल की आयु में कार्डियक अरेस्ट की वजह से निधन हो गया। जिससे संगीत जगत में बहुत बडी हानि पहुची।

(अथवा)

**(OR)**

प्र0 19 हरिप्रसाद चौरसिया के जीवन परिचय बारे वर्णन करें।

उ0 पंडित हरिप्रसाद चौरसिया की जन्म तिथि के साथ उनकी संगीत शुरूआत का वर्णन करते हुए उनका संगीत के प्रति योगदान बताने पर पूरे अंक दिये जाए।

पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जी का जन्म 01 जुलाई, 1938 को उतर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। इनके पिता पहलवान थे। उनकी माता का निधन उस समय हुआ जब वह पांच साल के थे। पंडित हरिप्रसाद चौरसिया बचपन गंगा किनारे बनारस में बीता। उनकी शुरूआत तबला वादक के रूप में हुई। अपने पिता की मर्जी के बिना ही पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जी ने संगीत सीखना शुरु कर दिया था। वह अपने पिता के साथ अखाडे में तो जाते थे लेकिन कभी भी उनका लगाव कुश्ती की तरफ नहीं रहा। अपने पड़ोंसी पंडित राजाराम से उन्होनें संगीत की बारीकिया सीखी। इसके बाद बांसुरी सीखने के लिए वे वाराणसी के पंडित भौलानाथ प्रसाना के पास गए। संगीत सीखने के बाद उन्होनें काफ़ी समय ऑल इंडिया रेडियो के साथ भी काम किया। पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने बांसुरी के जरिए शास्त्रीय संगीत को तो लोकप्रिय बनाने का काम किया ही, संतूर वादक पंडित शिव कुमार शर्मा के साथ मिलकर शिव हरि नाम से कुछ हिन्दी फ़िल्मों में मधुर संगीत भी दिया। पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को कई अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। उनकों संगीत

Download from www.MsEducationTv.com

नाटक अकादमी पुरस्कार 1984 में मिला। पद्म भूषण सन् 1992 और पद्म विभूषण से सन् 2000 में नवाजा गया। उन्होनें बांसुरी के जरिए शास्त्रीय संगीत पूरी दुनिया में काफी लोकप्रिय बनाया।

प्र0 20 संगीत ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' का सम्पूर्ण परिचय दे। 2

उ0 चौथी शताब्दी के लगभग भरतमुनि ने नाटयशास्त्र नामक ग्रन्थ लिखा। संगीत के इतिहास में यह पहला ऐसा ग्रन्थ है, जिसके अन्तिम छः अध्यायों में संगीत सम्बन्धी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया है। इसके अन्तर्गत वर्णित अधिकांश तथ्य आज भी शत–प्रतिशत सही माने जाते हैं। नाट्य शास्त्र के 28वें अध्याय में वाद्यों के प्रकार श्रुति, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, जाति–भेद तथा उनके लक्षण ग्रह, अंश, न्याय, उपन्यास, अलपत्व, बहुत्व, षाडवत्व, औडवत्व आदि पर प्रकाश डाला गया है। 29वें अध्याय में वीणा, उनकी वादन–विधि जातियों के रसानुकूल प्रयोग का विवरण है। 30वें अध्याय में सुषिर वाद्यों का विवरण, 31वें अध्याय में कला, लय और विभिन्न तालों का विवरण दिया गया हैं। 32वें अध्याय में गायक–वादक के गुण ध्रव के 5 भेद, छनद आदि तथा 33वें अध्याय में अवनद्ध वाद्यों की उत्पति, भेद, वादन–विधि, वादकों के लक्षण आदि दिए गए है। इस प्रकार इन 06 अध्यायों में संगीत सम्बधीं जानकारी पूर्ण रूप से प्राप्त करवाने में संगीत ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' की बहुत महत्वता है।

प्र0 21 पाठ्यक्रम से चयनित किसी वाद्य का चित्र बनाए और उसके अंगों का विवरण दें। 2

उ0 पाठ्यक्रम से चयनित किसी वाद्य का चित्र बनाने व उसक अंगों का नाम लिखने पर 01 अंक दिया जाए और अंगों को परिभाषित करने पर पूरे अंक दिये जाए।

---

## खंड (4) दीर्घ उत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

## **Section (4)** Long answer type questions

**( 2½ X 2 = 05 )**

---

प्र0 22 राग भीम प्लासी की रजाखानी गत को स्वरलिपिबद्ध करें। राग वृदांवनी सारंग का शास्त्रीय परिचय दें **(2½ + 2½) = 05**

उ0 राग भीम प्लासी की रजाखानी गत लिखने पर पूरे अंक दिये जायें।

शास्त्रीय परिचय में थाट, गायन समय, जाति, वादी–संवादी, आरोह–अवरोह, पकड आदि के स्वर बताने पर पूरे अंक दिये जायें

राग वृदांवनी सारंग

थाट : काफी,

जातिः औडव– औडव

वादीः ऋषभ (रे)

संवादी : पंचम (प )

आरोहः नि़ सा रे म प नि सां।

अवरोहः सां नि, प, म, रे, सा।

पकड़ : नि़ सा रे, म, रे, प म, रे, नि़ सा।

Download from www.MsEducationTv.com

गायन समय : दोपहर।

(अथवा)

**(OR)**

चौताल का एक व दो गुन लिखें।

चौताल का एक गुन

| चिहन | X | 0 | 2 | 0 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्राएं | 1 2 | 3 4 | 5 6 | 7 8 | 9 10 | 11 12 |
| बेल | धा धा | दिं ता | किट धा | दिं ता | तिट कत | गदि गन |

चौताल का दो गुन

| चिहन | X | 0 | 2 | 0 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्राएं | 1 2 | 3 4 | 5 6 | 7 8 | 9 10 | 11 12 |
| बेल | धाधा दिंता | किटधा दिंता | तिटकत गदिगन | धाधा दिंता | किटधा दिंता | तिटकत गदिगन |

नोट – दो गुन में सभी दो दो बोलो के नीचे अर्द्धचंद्र।

Download from www.MsEducationTv.com